# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
editor.wagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-265 | सागवाड़ा, मंगलवार, 14 जून, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


**गहलोत ने कहा- राहुल गांधी से श्रष्ठ रात को 12 बजे तक पूछताछ करती है। ऐसा कौनसा गुनाह कर दिया या कौनसी अरबों-खरबों की मनी लॉन्ड्रिंग हो गई? जहां अरबों-खरबों की मनी लॉन्ड्रिंग होती है, वहां तो पूछते नहीं हैं।**

# राहुल गांधी ने क्या गुनाह किया : गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ मामले में केंद्र सरकार और BJP-RSS पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा- आठ साल में देश में जो करप्शन फैला है, आप उसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं। मुझे जो जानकारी है और मैं जो उद्योगपतियों से, व्यापारियों से सुनता हूं, आप कल्पना नहीं कर सकते इतना बड़ा करप्शन हो रहा है। उसकी तरफ ED का ध्यान नहीं जाता। इनके खुद के इतने लोग हैं, चाहे RSS के हों या BJP के हों, सब ने लूट मचा रखी है। खुलेआम लूट मचा रखी है। जो जहां बैठा है, वहां लूट रहा है। उसकी तरफ ध्यान नहीं जाता इन लोगों का। गहलोत मंगलवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- राहुल गांधी से ED रात को 12 बजे तक पूछताछ करती है। ऐसा कौनसा गुनाह कर दिया या कौनसी अरबों-खरबों की मनी लॉन्ड्रिंग हो गई? जहां अरबों-खरबों की मनी लॉन्ड्रिंग होती है, वहां तो पूछते नहीं हैं। बोले- मोदी को कहना चाहूंगा, आपको भगवान ने मौका दिया है प्रधानमंत्री बनने का। आपकी ड्यूटी है, आप देश के पीएम हैं। देश की जनता के साथ CBI, ED, इनकम टैक्स से इस तरह का व्यवहार मत करवाओ। वरना देश आपको भी नहीं बख्शेगा। यह मैं प्रधानमंत्री को सह सम्मान कहना चाहूंगा। पीएम पद का सम्मान करना हमारा फर्ज बनता है। प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री हो उसकी बात का वजन होता है। देश में हिंसा का माहौल बन रहा सीएम ने कहा- पूरा देश इनकी हरकतों को देख रहा है। इनका घमंड चलने वाला नहीं है। देश में हिंसा का माहौल बन रहा है। महंगाई बढ़ रही है। बेरोजगारी का इश्यू है। देश समझ रहा है। हिंदू की बात करके कब तक चुनाव लड़ते रहेंगे। हिंदू-हिंदू करके बार-बार चुनाव जीत रहे हैं, इसलिए इनमें घमंड आ गया। कब तक ये हिंदू के नाम पर राजनीति करेंगे।

### राहुल गांधी के उठाए सवालों का जवाब नहीं दिया

गहलोत ने कहा- राहुल गांधी ने अब तक जो सवाल उठाए हैं, केंद्र सरकार ने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया है। चीन ने हमारे बॉर्डर पर कब्जा कर लिया। दुनिया के देश जानते हैं कि हमारे बॉर्डर पर कब्जा हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार ने कभी इस पर जवाब नहीं दिया। आज ये हर मामले में ED को आगे कर रहे हैं।

### नेशनल हेराल्ड केस में कोई दम नहीं, किसी ने एक रुपए नहीं लिया

गहलोत ने कहा- सबको मालूम है कि इस केस में कोई दम नहीं है। नेशनल हेराल्ड 1937 से कांग्रेस का अखबार रहा है। नोन प्रोफिट कंपनी है, कोई भी डायरेक्टर इस कंपनी से एक रुपए व्यक्तिगत काम में नहीं ले सकता। फिर कहां मनी लॉन्ड्रिंग हो गई? ED पिक्चर में आ गई। इस तरह तो पूरे देश में कई नोन प्रोफिट कंपनियां हैं। जो एनजीओ के तौर पर भी काम कर रही हैं। कल हर एनजीओ में ED घुस जाएगी। नेशनल हेराल्ड को 5000 फ्रीडम फाइटर्स के सहयोग से मोतीलाल नेहरू ने शुरू किया था। जब यह अखबार संकट में आया तो कांग्रेस ने मदद की। शेयर ट्रांसफर हुए, कांग्रेस ने मदद की वह सब रिकॉर्ड में है। 2015 में ED ने केस बंद कर दिया था, वापस से केस को खोला गया है।

# राजस्थान के 500 पेट्रोल पंप

**जयपुर।** गर्मियों का मौसम और राजस्थान में एक बार फिर सूखा है। इस बार सूखा पानी नहीं पेट्रोल-डीजल को लेकर है। डीजल की किल्लत पेट्रोल से भी ज्यादा है। केंद्र सरकार के पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के बाद तेल कंपनियों ने सप्लाई कम कर दी है। राजस्थान में पहली बार ये हालात हुए है कि 3 हजार पंप सूखने की कगार पर है। 24 घंटे में सप्लाई नहीं हुई तो 500 पंप बंद हो जाएंगे। पाली जिले में तो ESSAR और रिलायंस के 14 पंप पर अभी से ताले लग चुके हैं। प्रदेश में 15-20 दिन पहले ही रिलायंस व एस्सार के 1500 से ज्यादा पंप बंद कर दिए गए। यहां तेल की बिक्री पूरी तरह रोक दी गई है। इनमें सर्वाधिक 1100 पंप एस्सार और 300-400 पंप रिलायंस के हैं। जिसमें चौंकाने वाले हालात सामने आए। उदयपुर, जोधपुर, बांसवाड़ा, दौसा और अलवर समेत 16 जिलों में पिछले 48 घंटे से तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है। पंप संचालकों ने बताया कि 7 दिनों से प्रदेश के 6500 से ज्यादा पेट्रोल पंप पर तेल कंपनियां डिमांड के अनुसार सप्लाई नहीं कर रही है। इसकी वजह से तीन हजार से ज्यादा पंप पर तेल खत्म होने की स्थिति पैदा हो गई है। ऐसे में अगर अगले 24 घंटे में डीजल और पेट्रोल की सप्लाई नहीं हुई तो प्रदेश में 500 से ज्यादा पेट्रोल पंप पूरी तरह बंद हो जाएंगे। पांच हजार से अधिक पंपों पर ड्राई रन की स्थिति हो जाएगी। यहां केवल इमरजेंसी के लिए ही पेट्रोल-डीजल बचेगा। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनीत बगई ने बताया कि प्रदेश के पेट्रोल पंप सिर्फ IOCL के भरोसे चल रहे हैं।

# सागवाड़ा में रक्तदान शिविर, पूर्व विधायक अनिता कटारा ने बढ़ाया युवाओं का हौंसला



**सागवाड़ा ।** राजकीय अस्पताल और डूंगरपुर जिला अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. राजकीय अस्पताल सागवाड़ा में सपना फाउंडेशन की ओर से आयोजित शिविर में 31 लोगों ने वहीं जिला अस्पताल में 21 लोगों ने रक्तदान देकर जीवन बचाने का संदेश दिया, इसके साथ ही शिविरों में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई करते हुए रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया है.

डूंगरपुर जिले में आज विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया और इस मौके पर डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा राजकीय अस्पताल और डूंगरपुर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया.

राजकीय अस्पताल सागवाड़ा में सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ है. रक्तदान शिविर में महिलाओं और युवाओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है. रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्तदान हुआ. वहीं इस दौरान रक्तदान शिविर में पूर्व विधायक अनिता कटारा, नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने सागवाड़ा हॉस्पिटल में पंहुचकर रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई की है. इस दौरान सपना फाउंडेशन के सागवाड़ा प्रभारी ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया है. साथ ही आमजन से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है. वहीं पूर्व विधायक अनिता कटारा ने सागवाड़ा हॉस्पिटल के ब्लड़ बैंक में स्टॉफ की कमी होने से रक्तदाताओं को होने वाली परेशानियों पर दु:ख व्यक्त किया है. साथ ही क्षेत्रवासियों से रक्तदान करने की अपील की है. वहीं इस दौरान महिला रक्तदाता प्रेरणा शाह ने बताया कि वह पहले से रक्तदान करती आ रही है.

आज के शिविर में रक्तदान करते हुए अब तक 18 बार रक्तदान कर दिया है. साथ ही रक्तदान करने से कोई शारिरिक और मानसिक परेशानी नहीं होती है. रक्तदान के बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया

# जिला अस्पताल में हुआ 21 यूनिट रक्तदान

डूँगरपुर ।विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में ब्लड बैंक और रॉयल ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में डूंगरपुर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में भी रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ है. शिविर में 21 लोगों ने रक्तदान किया है. शिविर में सभापति अमृतलाल कलासुआ, पूर्व मंत्री असरार अहमद ने पहुंचकर रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई की हैं. वहीं ब्लड बैंक की ओर से सभी रक्तदाताओं का सम्मान पत्र और उपरणा द्वारा सम्मानित किया गया हैं.

# हेडलाइन- बाइक सवार से मारपीट कर लूट के मामले का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के रेडा फला में रात को बाइक सवार से हुई मारपीट व लूट के मामले का आज खुलासा कर दिया है। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 7 जून को बाइक सवार युवक से आरोपियों ने अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर 77100 रुपए की लूट को अंजाम दिया था। पुलिस ने अन्य आरोपियों की गिरफ़्तारी के भी प्रयास कर रही है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीप दान चारण ने बताया की दीपक पुत्र हाजा गमेती निवासी मालीखेड़ा 7 जून को गुमानपुरा में दिनेश प्रजापत निवासी पातेला के ईट बनाने मिट्टी निकालने गया था। देर रात काम पूरा होने पर जेसीबी लेकर लक्ष्मणपुरा गांव गए। इसके बाद जेसीबी ऑपरेटर दीपक को उसके घर छोड़ने बाइक लेकर जा रहे थे। रात के अंधेरे में रेड़ा फला डामर रोड पर पहुंचे तो रास्ते में 4 लड़के बैठे हुए थे। इसमें से एक लड़का दौड़ते हुए आया और उसकी बाइक को जोर से लात मारते हुए नीचे गिरा दिया। इसके बाद उसके तीन दूसरे साथी भी दौड़कर आ गए। सभी बदमाशो ने मिलकर उनसे मारपीट की। इसके बाद बदमाशो ने उसकी जेब से रखे 82 हजार 200 रुपए निकाल लिए। इसमें से 5 हजार रुपए नीचे गिर गए जो उसे वापस मिले। चारो बदमाश उससे 77 हजार 100 रुपए लूट लिए।

बदमाशो ने पत्थरों से मारपीट शुरू कर दी। इससे बचने झाड़ियों में छुप गए। इसी दौरान दीपक का भाई गणेश आ गया तो बदमाशो ने उसके साथ भी मारपीट की। वही आरोपी दोनों बाइक भी लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान संदेह होने पर पुलिस ने थाणा फला रेडा निवासी 23 वर्षीय जगदीश पिता हाजा बरंडा व थाणा फला रेडा निवासी 27 वर्षीय कान्ति पिता रणछोड़ बरंडा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों युवको ने अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर वारदात को करना कबूल किया। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है वही अन्य आरोपियों की भी पुलिस तलाश कर रही है।

# अलवर CGST के दो अधिकारी ट्रैप

**भरतपुर।** भरतपुर ACB ने अलवर के दो CGST के अधिकारियों को 4 लाख की रिश्वत लेकर जाते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। दोनों अधिकारी भरतपुर के रीको इंड्रस्टीज एरिया में एक ऑइल मिल पर फर्जी स्टॉक बताकर ऑइल मिल मालिक से 10 लाख रुपये की डिमांड कर रहे थे। 4 लाख में सौदा हुआ, ऑइल मिल के मालिक ने ACB को इसकी शिकायत की और ACB ने उन्हें अलवर जाते समय गिरफ्तार कर लिया। घूसखोर धनराज कुमावत CGST का सुपरिटेंडेंट दूसरा आरोपी विनय यादव CGST के इन्स्पेक्टर आज दोनों भरतपुर के रीको इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित एक ऑइल मिल पर पहुंचे और ऑइल मिल का स्टॉक चेक किया। तब दोनों आरोपियों ने ऑइल मिल मालिक को बताया कि उन्होंने 9 करोड़ का फर्जी स्टॉक कर रखा है।

# शादी के लिए लड़की दिखाने के बहाने 70 हजार की ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** शादी के लिए लड़की दिखाने के बहाने हजारों रुपए की ठगी के 2 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

कोतवाली सीआई दिलीपदान ने बताया की रमेश मेघवाल निवासी तवाब फला मेघवालो का वास थाना रामसिन जालोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रमेश ने बताया था की वह अपने जीजा के घर गुजरात गया था, जहा आरोपी अनिल कुमार पुत्र हाज़ा कोटेड निवासी लांबा भाटडा चुंडावाड़ा ओर विजयपाल पुत्र हुका कटारा निवासी मांडवा उपला ने उसे शादी के लिए लड़की दिखाने की बात कही। इसके बाद आरोपियों ने एक लडकी का फोटो उसे भेजा। लड़की से मिलाने के लिए उसे डूंगरपुर लेकर आए। यहा एक होटल में रुके। आरोपियों के साथ मिलकर शराब पी। इसके आरोपियों ने शादी के नाम पर डेढ़ लाख रुपए मांगे। एडवांस के तौर पर 70 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इसके बाद आरोपी शादी के लिए लड़की दिखाए बिना ही भाग गए थे। ठगी के बाद पीड़ित रमेश मेघवाल ने कोतवाली थाने में केस दर्ज करवाया था।

सीआई दिलीपदान ने बताया की मामले में जांच करते हुए आरोपी अनिल कोटेड, विजयपाल कटारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने शादी के नाम पर 70 हजार रुपए की ठगी करना कबूल कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं।

# सरकारी अस्पताल में युवती से रेप

**जयपुर/अजमेर।** अजमेर के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू(JLN) हॉस्पिटल में भर्ती 23 साल की युवती से रेप की घटना सामने आई है। खास बात यह रही कि रेप हॉस्पिटल में काम करने वाले नर्सिंगकर्मी ने किया है। आरोपी ने पीड़िता के साथ आए उसके भाई को फिल्म देखने के लिए भेज दिया। फिर युवती को ड्रिप लगाकर बेहोश कर रेप किया। पुलिस के अनुसार रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती सोमवार सुबह 11 बजे अपने मौसी के लड़के के साथ इलाज के लिए हॉस्पिटल गई थी। हॉस्पिटल में युवती की मुलाकात उसके पूर्व में परिचित नर्सिंगकर्मी राजेश से हुई। राजेश ने युवती के भाई को फिल्म देखने के लिए भेज दिया। युवती के इलाज के जिम्मेदारी ले ली। पीड़िता के अनुसार नर्सिंग कर्मी राजेश ने आपातकालीन इकाई में भर्ती करने के बाद उसको ड्रिप लगा दी। इस दौरान उसे नशीली दवा दे दी। बाद में आरोपी नर्सिंग कर्मी ने बेहोशी की हालत में उसके साथ रेप किया। सोमवार देर रात मिली शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाया और आरोपी नर्सिंग कर्मी राजेश को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। सूचना मिलने पर देर रात उत्तर ष्टह्व छवि शर्मा भी हॉस्पिटल पहुंची और मौका मुआयना किया गया। ष्टह्व शर्मा ने बताया कि युवती के साथ रेप की वारदात सामने आई है। मामले में परिजनों ने शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने रेप अस्पताल परिसर में किया है। 3 घंटे फिल्म देखने के बाद बाद उसका भाई 3 बजे अस्पताल पहुंचा तो उसकी बहन अस्पताल में नहीं मिली।

**आपरधिक प्रवृति का है रिश्वत लेने का आरोपी पार्षद, पुलिस थाने में दर्ज है कई प्रकरण**

# 50 हजार की ठेकेदार से रिश्वत लेने वाले पार्षद को भेजा जेल



**कोटा।** जिले के सुल्तान में ठेकेदार से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किए वार्ड एक श्रीरामनगर के पार्षद को एसीबी ने मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए। एसीबी स्पेशल यूनिट के पुलिस उपाधीक्षक धरमवीर सिंह ने बताया कि आरोपी पाषर्द शिवराज सिंह उर्फ शिवा प्रजापति को एसीबी कोर्ट ने 28 जून तक जेल भेजने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि पाषर्द आपराधिक प्रवृति का है। पार्षद के खिलाफ सुल्तानपुर थाने में ही चार प्रकरण दर्ज हैं। इनमें से एक प्राणघातक हमला, दूसरा राजकार्य में बाधा सहित दो मारपीट के मामले दर्ज हैं। सोमवार को आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके मकान व अन्य ठिकानों की भी तलाश ली गई थी। तलाशी में एसीबी टीम को कुछ खास नहीं मिला। गौरतलब है कि एसीबी की स्पेशल यूनिट कोटा इकाई को परिवादी नगर पालिका में ठेकेदार केशव शर्मा ने शिकायत दी थी। इसमें बताया था कि उसके कार्यो को चलने देने तथा बिल नहीं अटकाने की एवज में आरोपी पार्षद ने शिवराज सिंह ने 1 लाख रुपए रिश्वत मांगी थी।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार दुल्हे के दोस्त की हुई मौत

**दूल्हा हुआ गंभीर घायल, शादी के कार्ड बाटकर लौट रहे थे दोनों**

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के बरोठी गाँव के पास एक इको कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दुल्हे के दोस्त की मौत हो गई जबकि दूल्हा गंभीर घायल हो गया। दोनों युवक शादी के कार्ड बाटकर अपने घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है 7 वही घायल दुल्हे को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है।

डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की धामोद निवासी रामजी पिता रूपा ननोमा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में रामजी ने बताया की उनके गाँव में उनके पडोसी सुखलाल की 21 जून को शादी है। शादी के चलते उसका बेटा मुकेश ननोमा व सुखलाल बाइक पर शादी के कार्ड बाटने के लिए खेरवाडा की तरफ गए थे।

बीती रात दोनों शादी के कार्ड बाटकर वापस अपने गाँव धामोद लौट रहे थे। इस दौरान बरोठी गाँव के पास एक इको कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार मुकेश व सुखलाल दोनों गंभीर घायल हो गए। वही कार चालक फरार हो गया। इधर हादसे के बाद मौके पेर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने मामले की सुचना बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर बिछीवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बिछीवाडा राजकीय अस्पताल लाया गया। जहा पर डॉक्टर ने मुकेश ननोमा को मृत घोषित कर दिया। वही गंभीर घायल सुखलाल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

इधर इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को रात को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही आज सुबह परिजनों के आने के बाद पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# रक्तदान से किसी का जीवन बचता है, इससे बड़ा पुनित कोई कार्य नहीं है :परसादी लाल मीणा




**जयपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य भवन में आयोजित रक्तदाताओं एवं स्वयसेवी संस्थाओं के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि रक्त की कोई कीमत नहीं होती है। रक्तदान से किसी का जीवन बचता है, इससे बड़ा पुनित कार्य कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि नौजवान और संस्थाएं बधाई के पात्र है जो रक्तदान की दिशा में लगातार आगे आ रहे हैं और लोगों का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉ. पृथ्वी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि प्रदेश के हर कोने से लोग रक्तदान के लिए सम्मानित हुए हैं। मानवता की सेवा में इससे बड़ा कोई कार्य नहीं है यह एक दीपक से हजारों दीपक जलाने जैसा कार्य है। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान को बढावा देने के लिए प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदाताओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है।